कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025 **दिनांक 18/03/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्या:वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यो एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 17.03.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना सैदपुर पुलिस द्वारा कुम्भ मेला में बिछड़े हुए व्यक्ति को उनके परिजनों से मिलवाया गया।

थाना सैदपुर में दिनांक 16.03.2025 को भटकते हुए एक व्यक्ति मिले जिनकी मानसिक स्थिति व्यथित थी पूंछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम विद्याराम शर्मा पुत्र सिद्वार शर्मा निवासी बेलखारी थाना गोहद जनपद भिंड मध्य प्रदेश बताए काफी प्रयास के बाद उनके स्थानीय थाने से सम्पर्क कर उनके परिजनों को सूचना दी गई। जिस पर आज उनके दामाद सौरभ शर्मा पुत्र राम बदन शर्मा निवासी आनंद नगर थाना बोधापुर जनपद ग्वालियर मध्य प्रदेश व उनकी पत्नी यशोदा शर्मा के साथ आज दिनांक 17.03.2025 को यहाँ पहुंचे एक दूसरे को देखते ही दोनों दंपत्ति भाव विभोर हो गए तथा खुशी के आंसू बह पड़े। पूंछने पर विद्या राम शर्मा जी ने बताया की वे लोग 14 फरवरी को बस द्वारा एक समूह में संगम स्नान हेतु प्रयागराज निकले थे, जहाँ दोनों साथ में स्नान किये लेकिन स्नान बाद बिछड़ गए और भटकते हुए कुछ दिन पहले सैदपुर आ गए कल एक युवक ने थाने पहुँचाया जहाँ से घर बात हुई। मैं घर पहुँचने की उम्मीद छोड़ चुका था। लेकिन सैदपुर पुलिस के प्रयास से आज मैं अपने घर वालों से मिला।

पत्नी यशोदा शर्मा ने बताया की संगम स्नान के बाद मेरा पति से साथ छूट गया था, हम लोगों ने हर तरफ खोजा यहाँ तक की चित्रकूट, इटावा और कई जिलों में जहाँ उम्मीद थी खोजने गए लेकिन वो नहीं मिले उम्मीद कम हो रही थी लेकिन एक आशा थी की वो जरूर मिलेंगे होली एक दम मनहूस बीती लेकिन कल जब घर सूचना मिली तो जो खुशी मिली की आपको बता नहीं सकती कल जब थाने से वीडियो कॉल पर बात हुई नया जीवन मिलने जैसी अनुभूति हुई हम गाजीपुर पुलिस के बहुत आभारी रहेंगे।

02. थाना नोनहरा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 74/2025 धारा 115(2)/352/351(3)/110 बी0एन0एस0 व 3(1) द,ध एससी/एसटी एक्ट व 3(2)V(a)एससी/एसटी एक्ट में वांछित 03 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.03.2025 को उ0नि0 श्री अश्वनी प्रताप सिंह चौकी प्रभारी अटवा मोड़ मय हमराह थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर द्वारा मुखबिर खास की

सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 74/2025 धारा 115(2)/352/351(3)/110 बी0एन0एस0 व 3(1) द,ध एससी/एसटी एक्ट व 3(2)V(a)एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1 .जयप्रकाश कुशवाहा पुत्र इन्द्रमणि कुशवाहा 2. मो0 सरताज पुत्र कलाम शाह 3 .मो0 आशिफ अली पुत्र मो0 रमजान शाह उर्फ मुन्ना समस्त निवासीगण ग्राम शक्करपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को रेलवे स्टेशन गाजीपुर मेन गेट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पताः—</u>

1. जयप्रकाश कुशवाहा पुत्र इन्द्रमणि कुशवाहा निवासी ग्राम शक्करपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर
2. मो0 सरताज पुत्र कलाम शाह निवासी ग्राम शक्करपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर
3. मो0 आशिफ अली पुत्र मो0 रमजान शाह उर्फ मुन्ना निवासी ग्राम शक्करपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर

<u>आपराधिक इतिहास—</u>

1 . मु0अ0स0 74/2025 धारा 115(2)/352/351(3)/110 बी0एन0एस0 व 3(1) द,ध एससी/एसटी एक्ट व 3(2)V(a)एससी/एसटी एक्ट थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर।

<u>03. थाना दिलदारनगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 37/2025 धारा 289/125 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।</u>

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.03.2025 को उ0नि0 रवीन्शु पाण्डेय मय हमराह द्वारा अवैध तरीके से विद्युत ट्रांसफार्मर का स्थान परिवर्तन के दौरान ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने से 04 व्यक्ति झुलसकर घायल होने के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 37/2025 धारा 289/125 बीएनएस पंजीकृत हुआ जिससे सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1.सद्दाम खाँ पुत्र स्व0 हसनैन खाँ निवासी ग्राम उसियाँ थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर को ग्राम भक्सी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्य़वाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –</u>

1. सद्दाम खाँ पुत्र स्व0 हसनैन खाँ निवासी ग्राम उसियाँ थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर

<u>अपराधिक इतिहासः</u>

1. मु0अ0सं0 37/2025 धारा 289/125 बीएनएस थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 135/2012 धारा 147/148/323/336/504/506 भादवि0 व 7 सीएलए एक्ट थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर